Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide compensation to farmers who suffered damage to crops due to unseasonal rains and hailstorm in Rajasthan

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर): हाल ही के दिनों में राजस्थान प्रदेश में हुई बेमौसम बरसात तथा ओलावृष्टि से किसानों की अरबों रूपए की नष्ट हुई फसलों की तरफ ध्यान आकर्षित करते हुये अवगत कराना चाहता हूँ कि इस प्राकृतिक आपदा से 70% से अधिक किसानों की उपज का नुकसान राजस्थान में हुआ है जिसमें चना, जीरा, ईसबगोल सरसों सहित कई फसलें नष्ट सी हो गई हैं । एक तरफ राजस्थान सरकार ने बिजली बिलों में बढ़ोतरी करके किसानों की कमर तोड़ दी वही दूसरी तरफ इस प्राकृतिक आपदा से किसानों की आर्थिक स्थिति पटरी से उतर गई है, इसलिए मैं केंद्रीय कृषि मंत्री जी और भारत सरकार से अनुरोध करना चाहता हूँ कि किसानों को मुआवजा देने में जो राइडर है उसमे बदलाव करके किसान के खेत के खसरे को इकाई मानकर मुआवजा दिया जाए और फ़सली बीमा कंपनियों को तत्काल क्लेम राशि देने हेतु सर्कुलर जारी करते हुये विशेष आपदा राहत आर्थिक पैकेज दिया जाए और स्वामीनाथन आयोग की सम्पूर्ण सिफ़ारिशे लागू की जाए ताकि किसान समृद्ध बन सके ।